अनुस्मारक

पत्र सं0-जनसूचना-(IGRS) /15-16/ 3141 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश

(जन सूचना-अनुभाग)

दिनांक :: लखनऊ :: 31 मार्च , 2016

जोनल एडीशनल कमिश्नर,वाणिज्य कर,
गौतमबुद्ध नगर, इटावा , अलीगढ़ , वाराणसी प्रथम/ द्वितीय,
गोरखपुर , झाँसी जोन इलाहाबाद, सहारनपुर एवं फैजाबाद।

विषयः- शासन द्वारा निर्धारित समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) जन सुनवाई के प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में |

शासनादेश संख्या-01/चौंतीस-लो0शि0-05/2016 दिनांक 16-01-2016 के क्रम में Jansunwai.up.nic.in पर उपलब्ध नई जनसुनवाई प्रणाली को प्रभावी रुप से क्रियान्वयन के लिये मुख्यालय के पत्र संख्या- जन सूचना-IGRS-/2015-16/ 2703 / वाणिज्य कर दिनांक 22-02-2016 से यह अपेक्षा की गई थी कि जोन के प्रत्येक जनपद में वरिष्ठतम अधिकारी के कार्यालय में एक नोडल अधिकारी तथा उनकी सहायता के लिये कम से कम एक कम्प्यूटर सहायक नामित करते हुये सूचना (संलग्न प्रारुप में) 03 दिन के अन्दर मुख्यालय को उपलब्ध करायी जाय, किन्तु गौतमबुद्ध नगर, इटावा , अलीगढ़ , वाराणसी प्रथम/ द्वितीय, गोरखपुर , झाँसी जोन के किसी भी जनपद से वांछित सूचना प्राप्त नही हुई है, इलाहाबाद एवं सहारनपुर जोन में केवल इलाहाबाद व सहारनपुर जनपद, तथा फैजाबाद जोन में केवल फैजाबाद एवं बाराबंकी जनपदों की सूचना ही प्राप्त हुई है , इन जोनों के अन्य जनपदों के सम्बन्ध में भी वांछित सूचना प्राप्त नही हुई है ।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप अपने जोन के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक जनपद के वरिष्ठतम अधिकारी के कार्यालय में एक नोडल अधिकारी तथा उनकी सहायता के लिये कम से कम एक कम्प्यूटर सहायक को अपने स्तर से नामित करते हुए इसकी सूचना निर्धारित प्रारुप में अविलम्ब मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें | यह पत्र कमिश्नर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश से प्राप्त अनुमोदन के क्रम में जारी किया जा रहा है।

(बी0 राम शास्त्री)
एडीशनल कमिश्नर , वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश |

पृ0पत्र संख्या व दिनांक उक्त |

प्रतिलिपिः- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय लखनऊ को विभाग की वेबसाइट की नोटिस बोर्ड तथा जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश की विभागीय ई-मेल आई0डी0 पर अपलोड करने हेतु |

(आर0सी0दीक्षित)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (जनसूचना) / नोडल अधिकारी-IGRS
वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ |